THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRF (SHRI K. S. RAMASWAMY) : (a) In accordance with the prescribed procedure, the proposals regarding change in the names of villages, towns, etc. are Sponsored by the State Governments No proposal for changing the name of Cape Comorin has so far been received in theMinistry of Home Affairs.

(b) Does not arise.

राष्ट्रपति श्रयूब खां की श्रात्मकथा की प्रतियां पकड़ने सम्बन्धी मामला

9009. **श्री श्रोम प्रकाश त्यागी :**
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :

क्या गृह-कार्य मंत्री 13 दिसम्बर, 1968 के श्रतारांकित प्रश्न संख्या 4453 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रपति श्रयूब खां की श्रात्म-कथा की प्रतियों के पकड़े जाने सम्बन्धी मामले के बारे में, जिसकी जाँच की जा रही थी, नवीनतम जानकारी इकट्ठी कर ली गई है ;

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ; श्रौर

(ग) यदि नहीं, तो यह कब तक प्राप्त हो जायेगी ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग) . राज्य सरकार से नवीनतम स्थिति मालूम की जा रही है ।

राष्ट्रीय जैविकी प्रयोगशाला

9010. **श्री श्रोम प्रकाश त्यागी :**
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री 13 दिसम्बर, 1968 के श्रतारांकित प्रश्न संख्या 4440 के उत्तर के सम्बन्ध में बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय जैविकी प्रयोगशाला स्थापित करने के प्रस्ताव पर इस बीच विचार कर लिया गया है ;

(ख) यदि हाँ, तो प्रस्तावित प्रयोगशाला कहां पर स्थापित की जायेगी श्रौर इस सम्बन्ध में कितना व्यय होने का श्रनुमान है ; श्रौर

(ग) यदि भाग (क) का उत्तर नहीं में है तो इस मामले में श्रब तक क्या प्रगति हुई है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० श्रार० वी० राव) : (क) से (ग). राष्ट्रीय जीव विज्ञान प्रयोगशाला से संबंधित सभी मामलों पर विचार करने के लिए देश के जीव वैज्ञानिकों की जल्द ही एक बैठक बुलाने का प्रस्ताव है ।

पब्लिक स्कूलों में पाठ्य पुस्तकें

9011. **श्री श्रोम प्रकाश त्यागी :**
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :
कुमारी कमला कुमारी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री 6 दिसम्बर, 1968 के श्रतारांकित प्रश्न संख्या 3578 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा से सम्बन्धित श्रंग्रेजी माध्यम वाले कन्वेंन्ट तथा श्रन्य स्कूलों के बारे में श्रपेक्षित जानकारी कब तक एकत्रित हो सकेगी ;

(ख) क्या इन स्कूलों के सम्बन्ध में तुरन्त जानकारी न देने के पीछे सामान्य स्कूलों की श्रपेक्षा इन स्कूलों को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य है ; श्रौर

(ग) यदि नहीं, तो क्या इन स्कूलों में निर्धारित सभी पाठ्य पुस्तकों तथा सहायक पुस्तकों को भारत में प्रकाशित कराने का सरकार का विचार है जैसा कि श्रन्य स्कूलों के लिये निर्धारित पाठ्य पुस्तकों के बारे में किया जाता है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० श्रार० वी० राव) : (क) से (ग). इंडियन